

# तरंग

दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट 14 वर्षो से
भारत का नंबर 01 मेजर पोर्ट




अंक : 09

अप्रैल - जून, 2021



स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

SAGARMALA
PORT LED PROSPERITY

# विषयवस्तु


| | | |
|---|---|---|
| 1 | मुख्य अंश | 3-7 |
| 2 | गतिविधियाँ | 8-11 |
| 3 | प्लाज्मा हीरो | 12 |
| 4 | महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ | 13 |
| 5 | दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट खबरों में | 13 |

# दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट द्वारा ऑक्सीजन सिलेंडरों को लेकर आने वाले जहाजों की प्राथमिकता के आधार पर बर्थिंग

ऑक्सीजन सिलेंडर बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले स्टील सिलेंडर ट्यूबों को लेकर एमवी हाई नैम 86 नामक जलयान दिनांक 22 अप्रैल 2021 को दीनदयाल पोर्ट पर आया था। कोविड -19 रोगियों के लिए देश में ऑक्सीजन सिलेंडरों की कमी को ध्यान में रखते हुए दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री एस.के.मेहता जी द्वारा दिनांक 22 अप्रैल 2021 की रात को आने वाले इस जलयान को नौभार घाट सं.13 पर प्राथमिकता के आधार पर बर्थिंग देने के लिए ठोस और तत्काल प्रयास किए गए।

इसके अलावा, सभी पोर्ट कामगारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दीनदयाल पोर्ट क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले स्थानीय और बाहर से आने वाले ट्रकों/ट्रेलरों को सैनिटाइज किया गया।

दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट द्वारा रविवार को पत्तन, पोत-परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के निर्देश का पालन करते हुए जलयान से संबंधित शुल्कों एवं भंडारण शुल्कों सहित मेजर पोर्ट ट्रस्टों द्वारा लगाए जाने वाले सभी शुल्कों को माफ कर दिया गया और दिनांक 25 जुलाई 2021 तक या अगले आदेशों तक मेडिकल ग्रेड ऑक्सीजन, ऑक्सीजन टैंक, ऑक्सीजन की बोतलें, पोर्टेबल ऑक्सीजन जनरेटर, ऑक्सीजन कन्सन्टेटरों, सिलेंडर बनाने के लिए स्टील पाइप और संबंधित उपकरणों की खेप लाने-ले जाने वाले जहाजों को बर्थिंग क्रम में सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की गयी।

मंत्रालय ने बंदरगाहों के अध्यक्षों को रसद संचालन (पोर्ट में उच्च प्राथमिकता पर ऐसे जलयानों की बर्थिंग, ऑक्सीजन से संबंधित नौभारों की उतरायी, ऑक्सीजन से संबंधित नौभार की पोर्ट से शीघ्र निकासी हेतु अनुमति/प्रलेखन के लिए सीमा शुल्क/अन्य प्राधिकरणों के साथ समन्वय सहित) की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करने के लिए कहा ताकि ऐसी खेपों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित हो सके।








# दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान भी नौभार प्रहस्तन में अपनी अग्रणी स्थिति बरकरार

दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट ने अध्यक्ष श्री एस.के.मेहता और उपाध्यक्ष श्री नंदीश शुक्ल के कुशल नेतृत्व में वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान भी 117.5 मिलियन मीट्रिक टन नौभार का प्रहस्तन कर अपनी अग्रणी स्थिति को बरकरार रखा। दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट अपने नंबर एक स्थान को बनाए रखने में सहयोग देने वाले अपने हितधारकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और यूनियनों को बधाई देता है।

कोरोना महामारी के कारण कम मांग आपूर्ति की परिस्थिति और वित्तीय वर्ष के अधिकांश भाग में दो नौभार घाटों को अनुरक्षण कार्य के अधीन रखे जाने के बावजूद, दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान अपने पोर्ट यूजर्स और शिपिंग बिरादरी के समर्थन और पोर्ट कर्मचारियों के प्रयासों से 117.5 एमएमटी से अधिक नौभार का प्रहस्तन किया है। पोर्ट ने वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान 122.61 एमएमटी नौभार का प्रहस्तन किया था, इस प्रकार इस वर्ष नौभार प्रहस्तन में केवल 5 एमएमटी या 4.12% की कमी हुई। पोर्ट ने कंडला में वित्त वर्ष 2020-21 में 536.30 लाख मीट्रिक टन शुष्क नौभार (कंटेनरों सहित) का प्रहस्तन किया, जोकि वित्त वर्ष 2019-20 में 486.40 लाख मीट्रिक टन की तुलना में लगभग 10% अधिक है। वहीं कंडला में, तरल नौभार का प्रहस्तन पिछले वर्ष के 157.84 लाख मीट्रिक टन की तुलना में 6% की कमी के साथ 148.16 लाख मीट्रिक टन रहा। वाडीनार में पोर्ट ने पिछले वर्ष के 558.09 लाख मीट्रिक टन के मुकाबले 14% की कमी के साथ 480.33 लाख मीट्रिक टन नौभार का प्रहस्तन किया। यानांतरण के मामले में नौभार प्रहस्तन की मात्रा पिछले वर्ष के 23.74 लाख मीट्रिक टन की तुलना में 10.79 लाख मीट्रिक टन रही, जिसके परिणामस्वरूप कुल नौभार प्रहस्तन की मात्रा में 4% की कमी आयी। ध्यान देने योग्य है कि विश्व स्तर पर कठिन परिस्थिति के बावजूद केआईसीटी कंटेनर टर्मिनल ने पिछले वित्त वर्ष में 4.47 लाख टीईयू की तुलना में वित्त वर्ष 2020-21 में लगभग 5.15 लाख टीईयू को संभाला, जो सराहनीय है। डीपीटी के इतिहास में यह पहली बार है कि पोर्ट ने कंटेनर हैंडलिंग में 5 लाख टीईयू के आंकड़े को पार किया है।

अध्यक्ष श्री एस.के. मेहता, भा.व.से. और उपाध्यक्ष श्री नंदीश शुक्ला, आईआरटीएस के कुशल नेतृत्व में दीनदयाल पोर्ट प्रशासन द्वारा किए गए संयुक्त प्रयासों और सकारात्मक पहलों की एक श्रृंखला ने कार्यदक्षता, उत्पादकता, किफायत, पारदर्शिता और पोर्ट उपयोगकर्ताओं की संतुष्टि जैसे प्रत्येक क्षेत्र में पोर्ट को सफलता की ओर अग्रसर किया। पोर्ट प्रशासन ने 117.5 एमएमटी के महत्वपूर्ण मील के पत्थर को पार करने के लिए पोर्ट उपयोगकर्ताओं, न्यासीगणों (डीपीटी), अधिकारियों, कर्मचारियों और यूनियनों को उनके समर्थन और सहयोग के लिए विशेष रूप से बधाई दी।



SAGARMALA
PORT-LED PROSPERITY

# पोर्ट कॉलोनी गोपालपुरी में मेडिकल ऑक्सीजन उत्पादन यूनिट का उद्घाटन



दिनांक 02 जून 2021 को माननीय केंद्रीय पत्तन, पोतपरिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री मनसुख मांडविया जी ने दीनदयाल पोर्ट अस्पताल, गोपालपुरी में मेडिकल ऑक्सीजन कॉपर पाइपिंग नेटवर्क के साथ मेडिकल ऑक्सीजन जनरेटर यूनिट एवं अग्निशमन प्रणाली और ऑक्सीजन सिलेंडर बैंक के माध्यम से स्वचालित ऑक्सीजन स्रोत परिवर्तन प्रणाली का वर्चुअली उद्घाटन किया।




इस अवसर पर बोलते हुए श्री मांडविया जी ने केवल 20 दिनों में ऑक्सीजन प्लांट के काम को पूरा करने के लिए पोर्ट की टीम और अन्य सभी संबद्ध हितधारकों की सराहना की। महामारी के दौरान सभी बंदरगाहों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए श्री मांडविया जी ने कहा कि बंदरगाह ऑक्सीजन की आपूर्ति को सुविधाजनक बनाकर, कोविड-19 सामग्री से संबंधित कार्गो के लिए एक ग्रीन चैनल बनाकर और पोर्ट शुल्क माफ करके कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बंदरगाह अपने आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं देना जारी रखेंगे।





इस महामारी के परिदृश्य में इस स्तर की ऑक्सीजन उत्पादन इकाई को स्थापित और चालू करने वाला दीनदयाल पोर्ट, सभी महापत्तनों के बीच पहला महापत्तन है। स्थापित ऑक्सीजन उत्पादन इकाई की क्षमता 5-6 बार प्रेशर की दर पर 20 (बीस) क्यूबिक मीटर प्रति घंटा यानि 20,000 (बीस हजार) लीटर प्रति घंटा है जो कि लगभग 3 (तीन) जंबो साइज्ड सिलेंडर प्रति घंटा के बराबर है। इस ऑक्सीजन का उपयोग पोर्ट अस्पताल में डीपीटी कर्मचारियों, उनके परिजनों और स्थानीय लोगों के लिए कोविड के उपचार के साथ-साथ अन्य प्रकार के रोगों के उपचार में भी किया जा सकेगा। यह प्रणाली रोगियों के इलाज के लिए बार-बार सिलेंडर भरने की कठिनाई को समाप्त कर देगी जो एक बहुत ही बोझिल प्रक्रिया है और अस्पताल में ऑक्सीजन की सुचारू और सतत आपूर्ति सुनिश्चित करेगी।




इस ऑक्सीजन यूनिट में प्रेशराइज्ड अवस्था में इंपोर्टेड मॉलिक्यूलर ऑक्सीजन सीव्स के माध्यम से प्रेशरस्विंग एडसॉर्पशन मेथेड की निरंतर प्रक्रिया द्वारा ऑक्सीजन गैस उत्पन्न होती है और अंत में न्यूनतम 93% शुद्धता वाली ऑक्सीजन प्राप्त होती है।

मेडिकल ऑक्सीजन कॉपर पाइपिंग नेटवर्क को अस्पताल में सभी वार्डों जैसे कि पुरुष वार्ड, महिला वार्ड, बच्चों के वार्ड, मातृत्व वार्ड, विशेष कक्ष, प्रस्तावित आईसीयू कक्ष, वीआईपी कक्ष, ऑपरेशन थियेटर, आइसोलेशन वार्ड आदि के प्रत्येक बेड की ऑक्सीजन-फिटिंग तक मेडिकल ऑक्सीजन गैस के वितरण के लिए स्थापित किया गया है। नेटवर्क पाइपलाइन में विभिन्न आकारों के भारी तांबे के सीमलेस पाइप लगे हैं जो अस्पताल के सभी वार्डों में 78 बेड-पॉइंट तक ऑक्सीजन रेगुलेटर, फ्लो मीटर और कंट्रोल वाल्व के साथ पूरे नेटवर्क में समान ऑक्सीजन दबाव वितरण को सुनिश्चित करते हैं। ऑक्सीजन आपूर्ति में किसी भी अवांछित खराबी, रिसाव आदि से पहले ही अस्पताल को सचेत करने के लिए पाइपलाइन नेटवर्क, लो-ऑक्सीजन प्रेशर अलार्म सिस्टम से युक्त है।

अस्पताल में ऑक्सीजन की आपूर्ति के लिए वैकल्पिक स्रोत के रूप में ऑक्सीजन उत्पादन इकाई के पास एक ऑक्सीजन सिलेंडर बैंक भी स्थापित किया गया है, जिसमें ऑक्सीजन उत्पादन इकाई के विफल हो जाने की स्थिति या बिजली आपूर्ति बाधित होने या विपरीत किसी अन्य स्थिति में ऑक्सीजन की आपूर्ति को सिलेंडर बैंक सोर्स में स्वतः चेंज-ओवर हो जाने के लिए 'ऑटोमैटिक ऑक्सीजन-सोर्स चेंजओवर सिस्टम' लगा हुआ है।

फायर अलार्म सिस्टम की मानक विशेषताओं जैसे कि अस्पताल के वार्डों और कमरों में स्मोक डिटेक्शन प्रणाली और फायर स्प्रिंकलर सिस्टम, ऑटो स्टार्ट फ्लो स्विच पैनल, अग्निशामक यंत्र आदि के साथ पोर्ट कॉलोनी अस्पताल में आधुनिक अग्निशमन प्रणाली भी स्थापित की गई है। अग्निशमन प्रणाली में 650 लीटर प्रति मिनट (एलपीएम) की पंप क्षमता है और इसमें एक मुख्य पंप, जॉकी पंप, पर्याप्त प्रवाह और दबाव सुनिश्चित करने के लिए पूरे अस्पताल परिसर में विभिन्न आकारों की हैवी-ड्यूटी पाइपिंग, सुरक्षा संकेतक आदि शामिल हैं।

SAGARMALA
PORT-LED PROSPERITY

## चक्रवात 'ताउ-ते' के मद्देनजर दीनदयाल पोर्ट में आपातकालीन व्यवस्था

चक्रवात 'ताउ-ते' के मद्देनजर दीनदयाल पोर्ट मे आपातकालीन व्यवस्थाएं की गईं :-

- जलयानों को चक्रवात पथ से हटाया गया।
- पेड़ों की छंटाई, कमजोर संरचनाओं को कम करने और गोदामों और शेडों की छतों की सुरक्षा के लिए जनशक्ति और मशीनरी तैयार रखी गई।
- जलजमाव वाले क्षेत्रों में राहत प्रदान करने के लिए आवश्यक पंप सेटों को स्टैंडबाई पर रखा गया।
- लोगों की निकासी के उद्देश्य से दो टीमों को तैनात किया गया।
- आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता के साथ चक्रवात आश्रय (1000 क्षमता) का प्रावधान किया गया।
- आपातकालीन सेवा हेतु चार मेडिकल एम्बुलेंस को स्टैंडबाई पर रखा गया।

## दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट द्वारा अपने कीर्तिमान को पार कर एक दिन में 0.665 एमएमटी नौभार के प्रहस्तन का नया कीर्तिमान स्थापित

दिनांक 04/04/2021 को दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट ने दिनांक 27/01/2016 को 0.583 एमएमटी नौभार प्रहस्तन के अपने स्वयं के कीर्तिमान को पार करते हुए एक दिन में 0.665 एमएमटी नौभार का प्रहस्तन करने का नया कीर्तिमान बनाते हुए अपनी उपलब्धियों की श्रृंखला में एक और उपलब्धि को जोड़ा। इस आंकड़े में लगभग 70% अर्थात 0.445 एमएमटी मात्रा के साथ कच्चा तेल और पीओएल का नौभार प्रमुख रूप से शामिल है।

SAGARMALA
PORT-LED PROSPERITY

## दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट द्वारा कोविड-19महामारी से निपटने के लिए सुविधाओं की स्थापना

दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट ने कोविड रोगियों के इलाज के लिए सरकारी रामबाग अस्पताल, आदिपुर में 20 घन मीटर/घंटा की क्षमता वाले मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट की तत्काल आपूर्ति और स्थापना के लिए एक कार्य आदेश जारी किया है। इस पर पोर्ट लगभग रु. 33.5 लाख का व्यय वहन करेगा।
महामारी की दूसरी लहर से निपटने के लिए बंदरगाह भारत सरकार के प्रयासों में तेजी ला रहे हैं। कोविड-19 के खिलाफ संघर्ष में योगदान हेतु दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट ने निम्नलिखित सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं :-

1. 50 बिस्तर वाला कोविड अस्पताल (पूर्ण रूप से कार्यात्मक) |
2. सघन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) (प्रक्रियाधीन) |
3. अस्पताल परिसर में ऑक्सीजन रि-फिलिंग प्लांट (50-60 सिलेंडर प्रति दिन की क्षमता के साथ) की स्थापना हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कार्य प्रगति पर (4-5 दिनों में कार्यात्मक होगा) |
4. नियमित रूप से कोविड-19 हेतु रैपिड एंटीजन टेस्टिंग और टीकाकरण अभियान संचालित करना|
5. सभी रोगियों और उनके संबंधियों के लिए आहार एवं उपाहार की आपूर्ति सुविधा|
6. कोविड रोगियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उनकी देखभाल के लिए 8 अतिरिक्त एमबीबीएस डॉक्टर और 15 पैरामेडिकल / सेनिटेशन स्टाफ की नियुक्ति|
7. अस्पताल में कोविड रोगियों के लिए पर्याप्त संख्या में ऑक्सीजन सिलेंडर सुनिश्चित किए गए|







# दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट द्वारा "आजादी का अमृत महोत्सव" का आयोजन

दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट ने देश की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के अवसर पर "आजादी का अमृत महोत्सव" के 16वें सप्ताह का आयोजन किया जिसमें विभिन्न गतिविधियाँ शामिल हैं। दिनांक 28 जून 2021 को कार्यक्रम का उद्घाटन दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के सचिव श्री सी. हरिचंद्रन ने अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में किया। आजादी का अमृत महोत्सव, प्रगतिशील और स्वतंत्र भारत के 75वें वर्ष और इसके लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को याद करने और मनाने के लिए भारत सरकार की एक पहल है।

पत्तन, पोतपरिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार, दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट इस महोत्सव का 16वां सप्ताह (दिनांक 28 जून 2021 से 04 जुलाई 2021 तक) मना रहा है।

सप्ताह के दौरान, पोर्ट कर्मचारियों और उनके परिजनों के लिए क्रमशः दिनांक 28 और 29 जून 2021 को निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 30 जून 2021 को कर्मचारियों के लिए देशभक्ति विषय पर आधारित गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी सप्ताह में आगे कर्मचारियों के परिजनों के लिए गायन प्रतियोगिता, कर्मचारियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, नाटक इत्यादि का भी आयोजन किया जाएगा।






# पोर्ट की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक का आयोजन

दिनांक 29 जून 2021 को दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट में उपाध्यक्ष श्री नंदीश शुक्ल की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक आयोजित हुई जिसमें विभाग प्रमुखगण एवं नोडल अधिकारी शामिल हुए। बैठक में राजभाषा हिंदी के कामकाज की समीक्षा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

राजभाषा बैठक के दौरान उपाध्यक्ष श्री नंदीश शुक्ल ने समिति के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में पोर्ट की छमाही हिंदी गृह पत्रिका 'लहरों का राजहंस' के 20वें अंक का विमोचन किया। 20वां अंक भी ई-पत्रिका के रूप में प्रकाशित किया गया है जिसे पोर्ट की वेबसाइट और राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।





# दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट द्वारा आतंकवाद विरोधी दिवस का आयोजन

दिनांक 21 मई 2021 को दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट ने 'आतंकवाद विरोधी दिवस' मनाया। दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री एस.के.मेहता द्वारा कोविड-19 दिशानिर्देशों का पालन करते हुए एक शपथ दिलाई गई।



# दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट द्वारा पोर्ट क्षेत्र के अंदर प्रकाश व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण

पोर्ट क्षेत्र के अंदर प्रकाश व्यवस्था में सुधार करने के क्रम में दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट ने बाहरी क्षेत्र में भी प्रवेश किया। जनवरी 2021 में, डीपीटी ने 'जीरो' पॉइंट से केआईसीटीएल गेट तक 6.30 किलोमीटर लंबी सड़क को दोहरी भुजाओं वाली एलईडी फिटिंग के साथ 215 प्रकाश स्तंभ लगाकर रोशन किया था।





दिनांक 20 जून, 2021 को दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट ने दूसरे चरण में भी उसी गति को बनाए रखते हुए पश्चिमी गेट संख्या एक तक 2.45 किमी की दूरी में 128 प्रकाश स्तंभ लगाकर प्रकाश व्यवस्था को बढ़ाया। प्रकाश व्यवस्था में सुधार से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और रात के समय

## डीपीटी द्वारा राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस का आयोजन

दिनांक 14 अप्रैल 1944 को अपनी ड्यूटी के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर अग्निशमन कार्मिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए डीपीटी अग्निशमन सेवा द्वारा राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। अग्निशमन संरक्षा सप्ताह में पोर्ट उपयोगकर्ताओं और पोर्ट में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों के लिए व्यक्तिगत प्रशिक्षण तथा अग्निशमन अभ्यास आदि का आयोजन किया गया।




## गोदी सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन



दिनांक 28 जून 2021 को दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के उपाध्यक्ष श्री नंदीश शुक्ल की अध्यक्षता में गोदी सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विभिन्न सुरक्षा पहलुओं पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान सभी विभाग प्रमुख, पोर्ट यूजर एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण, श्रमिक संघों के प्रतिनिधिगण, पोर्ट स्वास्थ्य अधिकारी, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के प्रतिनिधिगण आदि मौजूद रहे।

# दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

दिनांक 28 जून 2021 को दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट में कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पूर्ण दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन बंदरगाह प्राधिकारी श्री एस.एस.जाधव ने किया। कार्यशाला में 30 कार्मिकों ने भाग लिया जिसमें हिंदी अधिकारी ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट में आयोजित हिंदी कार्यशाला के अंतिम चरण में एक राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विजेता प्रतिभागियों को सचिव श्री सी.हरिचंद्रन के कर कमलों से पुरस्कार वितरित किए गए।












# प्लाज्मा हीरो

प्लाज्मा हीरो श्री शैलेश गागल ने आगे आकर हमारे पोर्ट कार्मिक के परिवार के सदस्य को अपना प्लाज्मा दान करके कोविड-19 के साथ हमारी लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कोविड-19 से ठीक होने वाले मरीजों के रक्त प्लाज्मा में एंटीबॉडी होते हैं जो भविष्य में होने वाले संक्रमण से बचाते हैं। हम उन्हें कोविड-19 रोगियों को बचाने के लिए प्लाज्मा दान करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।







कर्तव्य की सीमा से परे जाना भारत के युवा भारतीय ध्वज वाहकों के देशभक्तिपूर्ण उत्साह से उपजा है।

प्लाज्मा हीरो डॉ. जावेद ने हमारे दीनदयाल पोर्ट के कर्मचारी की मां को प्लाज्मा दान करके इसका ज्वलंत उदाहरण प्रस्तुत किया।

हम अपने कोरोना योद्धाओं को उनके अथक समर्पण के लिए धन्यवाद देते हैं।

# शोक सन्देश

## डॉ. ए.जनार्दन राव का आकस्मिक निधन

डॉ. ए. जनार्दन राव, भूतपूर्व अध्यक्ष, डीपीटी और भूतपूर्व एमडी, आईपीए के आकस्मिक निधन से दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट परिवार स्तब्ध और दु:खी है। हम अपने पूर्व अध्यक्ष के लिए अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं, जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान यहां कई विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को मोक्ष की प्राप्ति हो।



# महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ



श्री जी.आर.वी.प्रसाद, यातायात प्रबंधक

श्री गोवडा राजेन्द्र वारा प्रसाद राव ने दिनांक 15 अप्रैल 2021 को दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के यातायात प्रबंधक के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। इससे पहले वे विशाखापत्तनम पोर्ट ट्रस्ट में वरिष्ठ उप यातायात प्रबंधक के पद पर सेवारत थे।

श्री जी.आर.वी.प्रसाद राव ने आंध्र विश्वविद्यालय से पीजी डिग्री इन इंडस्ट्रियल रिलेशन एंड पर्सनल मैनेजमेंट तथा बीएल किया है। उन्होंने पोर्ट सेक्टर में अपने व्यावसायिक कैरियर की शुरुआत वर्ष 1993 में विशाखापत्तनम गोदी श्रमिक बोर्ड में कार्मिक अधिकारी (श्रेणी-1) के रूप में की। वे अब तक विभिन्न पदों पर 27 वर्षों की सेवा पूरी कर चुके हैं।

श्री जी.आर.वी.प्रसाद राव को नौभार प्रहस्तन, प्रशासन, औद्योगिक संबंध/मानव संसाधन प्रबंधन और श्रम कल्याण के क्षेत्रों में व्यापक ज्ञान और अनुभव है। पोर्ट सेक्टर में उनके व्यापक अनुभव और विशेषज्ञता का दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट को अत्यधिक लाभ होगा।

# दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट खबरों में



## Deendayal Port Trust retains Numero Uno position

From page 3

supply situation prevailing on account of the Corona pandemic and two cargo berths spared for maintenance for the major part of the financial year. The port had handled 122.61 MMT during FY 2019-20; the decrease was thus only 5 MMT or 4.12%.

The port handled dry cargo (including containers) at Kandla to the tune of 536.30 lakh MTs in FY 2020-21 as compared to 486.40 lakh MTs in FY 2019-20, an increase of 10%. Liquids at Kandla were 148.16 lakh MTs as compared to 157.84 lakh MTs, down 6%. At Vadinar, the port handled 480.33 lakh MTs as against 558.09 lakh MTs, a decrease of 14%. Transhipment cargo was 10.79 lakh MTs as compared to 23.74 lakh MTs, down 4%.

Notably, despite the tough situation globally, KICT, the container terminal, handled around 5.15 lakh TEUs in FY 2020-21 as compared to 4.47 lakh TEUs the previous fiscal, which is commendable. This was the first time the port crossed 5 lakh TEUs in container handling, highlighted a release.

**Concerted efforts and a series of positive initiatives taken by the Deendayal Port administration led to this success, in all spheres like efficiency, productivity, cost-effectiveness, transparency and port user satisfaction, under the able leadership of the Chairman, Mr S. K. Mehta, IFS, and Mr Nandeesh Shukla, IRTS, Deputy Chairman. The port administration congratulated the port users, Board of Trustees, officers, employees and unions for their support and cooperation in achieving the significant landmark of over 117 MMT, the release added.**

4 5th APRIL 2021 GUJARAT+NORTH INDIA DST DAILY SHIPPING TIMES

## Deendayal Port Trust retains Numero Uno position during FY 21 in Cargo handling

Cont'd. from Pg. 3

... and two cargo berths spared for maintenance for the major part of the financial year. The port had handled cargo of 122.61 MMT during FY 2019-20, thus resulting in a decrease of only 5 MMT or 4.12%.

The port handled dry cargo (including containers) at Kandla to the tune of 536.30 lakh MTs in FY 2020-21 as compared to 486.40 lakh MTs in FY 2019-20 with an increase of 10%. Liquids at Kandla were 148.16 lakh MTs as compared to 157.84 lakh MTs, a decrease of 6%. At Vadinar the port handled 480.33 lakh MTs as against 558.09 lakh MTs with a decrease of 14%. Transhipment cargo was 10.79 lakh MTs as compared to 23.74 lakh MTs, resulting in a decrease of 4%.

Notably, despite the tough situation globally at KICT, the Container Terminal handled around 5.15 lakh TEU in FY 20-21 as compared to 4.47 lakh TEU last fiscal, which is commendable. This is the first time in the history of DPT that the Port has crossed 5 lakh TEU in container handling.

Concerted efforts and a series of positive initiatives taken by the Deendayal Port Administration have led to this success, in all spheres like efficiency, productivity, cost-effectiveness, transparency and Port User satisfaction under the able leadership of the **Chairman, Shri S.K. Mehta IFS, and Shri Nandeesh Shukla, IRTS, Deputy Chairman.** Port administration congratulated to Port Users, Board of Trustees (DPT), Officers, Employees, Unions for their support and cooperation for crossing the significant landmark of 117 MMT.

Tel: (02836) 233312/13, (079) 25625711/12/13, Website: www.eximin.net
Vol. XXXI No. 64 GUJARAT Monday, June 7, 2021
E-mail: newsmumbai@exim-india.com, gim@exim-india.com, ahmedabad@exim-india.com

## Mansukh Mandaviya inaugurates oxygen plant & fire-fighting system at Deendayal Port Trust hospital

Exim News Service
Gandhidham, June 6

UNION Minister of State (Independent Charge) for Ports, Shipping & Waterways, Mr Mansukh Mandaviya, last week virtually inaugurated a Medical Oxygen Generator Unit with medical oxygen copper piping network and associated facilities like fire-fighting system and automatic oxygen source changeover system through oxygen cylinder bank at Deendayal Port Trust Hospital, Gopalpuri, Gandhidham (Kutch).

Speaking on the occasion, Mr Mandaviya appreciated the port team and

Turn to page 8

Mr Mansukh Mandaviya

Mr Sanjay Mehta

## DPT organising various activities on 75th year of Independence - "Aazadi ka Amrit Mahotsav"

GANDHIDHAM: Deendayal Port Trust (DPT) is organising various activities in connection with 75th year of Independence - "Aazadi ka Amrit Mahotsav". In this Mahotsav, various programmes are being held since 28th June and will continue till 4th July 2021. Shri C. Harichandran, Secretary, DPT inaugurated the programme of the 'Essay Writing Competition' for Employees in presence of other Officials of DPT recently.

8 EXIM newsletter Gujarat, Monday, June 7, 2021

## Mansukh Mandaviya inaugurates oxygen plant

From page 3

all stakeholders for completing the work of the oxygen plant in just 20 days. Appreciating the efforts taken by all ports during the pandemic, Mr Mandaviya said ports are contributing to the fight against Covid-19 by facilitating oxygen supply, creating a green channel for cargoes related to Covid-19 materials, and waiving the port charges. He said ports will continue to provide better facilities to the people living in the surrounding areas.

Deendayal Port is the first amongst the Major Ports to install and commission such an oxygen generation unit during the pandemic. It has a capacity of 20 cu. m/hour, i.e. 20,000 litres/hour at 5-6 bar pressure, which is equivalent to approx. 3 jumbo cylinders per hour. It can be utilised for the treatment of Covid as well as other patients of DPT staff, their relatives and other people in the locality at the port hospital. The system will eliminate the hardship of frequent refilling of cylinders, which is a very cumbersome process, and will ensure smooth and continuous oxygen supply to the hospital, said a release.

**Advance Cargo Information mandatory for all Egypt import shipments from July 1**

Exim News Service
COPENHAGEN/CAIRO, June 6

EXIM INDIA newsletter Gujarat, Thursday, June 24, 2021 21

## DPT improves illumination inside & outside the port area

Exim News Service
GANDHIDHAM, June 23

FURTHER to efforts to improve the illumination inside the port area, Deendayal Port Trust (DPT) has gone outside the area too. In January 2021, DPT had illuminated 6.30 km of road length by erecting 215 light posts with double-armed LED fittings spread from 'Zero' point to KICTL gate.

On June 20, it maintained the same momentum in the 2nd phase by erecting 128 light posts in a 2.45 km stretch up to West Gate No.1. The enhanced level of illumination will reduce road accidents and help in easing out traffic congestion during the night.

This continuous improvement in illumination levels inside and outside the port area could be possible due to the able guidance of the Chairman and Deputy Chairman of DPT at all times, said a release.

## DPT Board meets to consider key issues

Exim News Service
GANDHIDHAM, June 27

A number of key decisions were taken and issues considered at Deendayal Port Trust's (DPT) Board Meeting No. 2 of 2021-22 held on June 25, 2021, which was presided over by Mr Sanjay Mehta, IFS, Chairman, DPT, informed a release.

Among the other senior officials who attended were Mr Nandeesh Shukla, IRTS, Deputy Chairman, DPT; Mr Arvind Chaudhary, Economic Advisor, Ministry of Ports, Shipping & Waterways;

Turn to page 21

## DPT - Deputy Chairman chairs Dock Safety Committee meet

GANDHIDHAM: The Dock Safety Committee meeting was conducted under the Chairmanship of Shri Nandeesh Shukla - IRTS, Dy. Chairman DPT recently.

Various Safety, Health & Welfare aspects were reviewed and discussed during the meeting for enhancing the safety and wellbeing of workers working inside the port.

All HODs, Representatives of Port Users Associations, Labour Unions, PHO, CISF, Fire Dept. etc. were present as well during the meeting.




**दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट**

पोस्ट बॉक्स सं. 50, प्रशासनिक कार्यालय भवन, टैगोर रोड,
गांधीधाम (कच्छ) गुजरात – 370 201.

FOLLOW US ON

www.deendayalport.gov.in